राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, जयपुर

"मेरा भारत, मेरा वोट" थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित

सहिष्णुता की संस्कृति के साथ विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है भारत

लोकतंत्र को सशक्त बनाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी मिलकर करें प्रयास – राज्यपाल

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 79 अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाने के लिए सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि सौ करोड़ से अधिक मतदाताओं के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी आधारशिला सहिष्णुता की समृद्ध संस्कृति पर टिकी हुई है। उन्होंने चुनावी खर्च को कम करने की दिशा में एक साथ चुनाव प्रणाली अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे बचाई गई राशि का उपयोग राष्ट्र विकास में किया जा सकता है।

उन्होंने लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद संविधान के निर्माण के पश्चात वर्ष 1952 में प्रथम आम चुनाव आयोजित किए गए थे, जिसमें प्रत्याशियों के लिए अलग–अलग रंगों के मतपेटियों का उपयोग किया जाता था। आज तकनीकी प्रगति के परिणामस्वरूप ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुगम हो गई है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्यभर में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए किए गए कार्य अत्यंत सराहनीय एवं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का पूर्ण शुद्धता के साथ निर्माण किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ के साथ–साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से सभी स्तरों पर पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मतदान को लोकतंत्र का मूल अधिकार बताते हुए इस आशय का संदेश केनवास पर अंकित किया। उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 पर आधारित डॉक्युमेंट्री का विमोचन भी किया, जिसमें इस अभियान की पूरी यात्रा को दर्शाया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारियों, ईआरओ एवं बीएलओ द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए।

समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा मतदाता शपथ का वाचन कराया गया। राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें राजसमंद कलक्टर श्री अरूण कुमार हसीजा, अलवर एवं खैरथल–तिजारा कलक्टर श्रीमती अर्तिका शुक्ला, बालोतरा कलक्टर श्री सुशील कुमार, धौलपुर कलक्टर श्री श्रीनिधि बी.टी. एवं श्रीगंगानर के जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार शाक्य प्रमुख है।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

———

Historical Voter Turnout-Loksabha Elections
Gender wise Voter Turnout in Loksabha Elections since 1957

16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राज्य स्तरीय समारोह
25 जनवरी, 2026

16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
My India My Vote
मतदाता शपथ
"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक
16th National Voters' Day
My India My Vote

16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राज्य स्तरीय
My India My Vote
CERTIFICATE

16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
16th National Voters' Day
मतदाताओं के लिए आयोग का नवाचार
40 से अधिक एप्स/ वेबसाइट को समाहित करने वाला एकल पोर्टल
Voter Helpline
KYC-ECI
ECINet
cVIGIL
Saksham-ECI
16th National Voters' Day

16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
16वाँ राष्ट्रीय
मतदाता दिवस
CERTIFICATE

16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राज्य स्तरीय समारोह
25 जनवरी, 2026
My India, My Vote, मैं भारत हूँ
जिला निर्वाचन अधिकारी
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
16th National Voters' Day
My India My Vote
STATE LEVEL PROGRAMME
25th January, 2026

District-Banswara
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
My India My Vote

16th National Voters' Day
RIC
STATE ICONS

RIC
16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
राज्य स्तरीय समारोह
25 जनवरी, 2026
My India, My Vote,


16th National Voters' Day
16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस
25 जनवरी, 2026
Citizen at the Heart of Indian Democracy
My India
My Vote
मैं भारत हूँ

District Election Officers
16वाँ राष्ट्रीय
मतदाता दिवस
SMT. ARTIKA
SHUKLA